प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 13.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

000000

- राज्यस्तरीय किसान सम्मेलन आज अजमेर में–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 70 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि जारी करेंगे।
- प्रदेश में पंच गौरव कार्यक्रम शुरू–हर जिले के पांच चुनिंदा उत्पादों और स्थानों को पहचान मिलेगी।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा – देश में पूजा स्थल अधिनियम के तहत अब कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जायेगा।
- राज्य में अधिकांश स्थानों पर कडाके की सर्दी–अगले दो–तीन दिन शीतलहर जारी रहने की संभावना।

000000

मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज अजमेर में राज्यस्तरीय **किसान सम्मेलन** रखा गया है। सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा प्रदेश के 70 लाख से ज्यादा किसानों को सम्मान निधि जारी करेंगे। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना, ऊंट संरक्षण तथा एक हजार दूध संकलन केन्द्रों सहित अन्य योजनाओं का शुभारम्भ भी करेंगे।

-----

जिलों में भी आज जिलास्तरीय किसान सम्मेलन रखे गये है। भीलवाडा में होने वाले सम्मेलन में किसानों को आधुनिक नवाचार से खेती करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जायेगा। साथ ही प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया जायेगा। अलवर में किसान सम्मेलन का आयोजन प्रताप ऑडिटोरियम में होगा। बाडमेर में महावीर टाउन हॉल में किया जायेगा। सवाईमाधोपुर में किसान सम्मेलन के साथ ऊष्ट्र रोग निदान और उपचार शिविर भी लगाया गया है। वहीं बालोतरा में किसान सम्मेलन सिवाना में होगा। जिलों में राज्य सरकार की उपलब्धियां दर्शाती विकास प्रदर्शनियां भी लगाई जा रही है। सवाईमाधोपुर में एक वर्ष परिणाम उत्कर्ष" थीम पर लगाई गई विकास कार्यो की प्रदर्शनी का जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक ने शुभारंभ किया। इससे पहले कल मुख्यमंत्री ने जोधपुर में हुए राज्यस्तरीय रोजगार उत्सव में 15 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार युवाओं के सपने पूरे करने के सभी प्रयास कर रही है।

-----

कार्यक्रमों की कड़ी में कल उदयपुर में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा और उप मुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दीया कुमारी भी सम्मेलन में शामिल होंगे। वहीं 15 दिसंबर को आयुष्मान आरोग्य रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेंगे।

000000

प्रदेश में पंच गौरव कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत हर जिले के चुनिंदा उत्पादों और स्थानों तथा गतिविधियों के विकास के प्रयास किये जायेंगे। ये पांच गौरव जिलों की पहचान बनेंगे। इसके तहत कल चूरू के नेचर पार्क में जिलास्तरीय कार्यक्रम हुआ। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने इसकी शुरूआत की। इस मौके पर पंच गौरव प्रदर्शनी भी लगाई गई। उन्होंने पंच गौरव फोग, ग्वारपाठा, एथलेटिक्स, लकड़ी के उत्पाद और सालासर बालाजी से जुड़े ब्रोशर का भी लोकार्पण किया।

000000

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि देश में पूजा स्थल अधिनियम के तहत अब कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा। न्यायालय ने लंबित मामलों में शीर्ष अदालत के अगले आदेश तक कोई अंतिम या प्रभावी आदेश पारित नहीं करने का भी आदेश दिया है। देश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता में विशेष पीठ ने केंद्र सरकार से 1991 अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चार सप्ताह के अंदर अपना उत्तर देने को कहा। इन याचिकाओं में पूजा स्थल को पुनः प्राप्त करने या उसमें बदलाव की मांग करने के लिए मुकदमा दायर करने पर रोक लगाने की मांग की गई है।

00000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि देश में घरेलू पर्यटकों की संख्या 2014 में 120 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2023 में बढकर ढाई सौ करोड़ हो गई है। श्री शेखावत नई दिल्ली में पर्यटन क्षेत्र पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में वैश्विक यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक में भारत की रैंकिंग 65 से 39वें स्थान पर आ गई।

------

00000

जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हो रहे कार्यक्रमों की कडी में आज से 18 दिसम्बर तक विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधिया होंगी। इनका आयोजन नगर निगम ग्रेटर की ओर से किया जा रहा है। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि आज मसाला चौक में इंटर कॉलेज सांस्कृतिक प्रतियोगिता होगी। कल सिंफनी कार्यक्रम होगा। 16 दिसम्बर को प्रेम रामायण और 18 दिसम्बर को अल्बर्ट हॉल पर म्यूजिकल नाईट का आयोजन किया जायेगा।

00000

राज्य में अधिकांश स्थानों पर कडाके की सर्दी का असर है। सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढा दी है। कई स्थानों पर तापमान में गिरावट आई है और शीतलहर चल रही है। सीकर के फतेहपुर शेखावाटी में न्यूनतम तापमान आज माईनस 1 डिग्री सैल्सियस दर्ज हुआ। अलवर में भी सर्द हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कड़ाके की सर्दी के साथ कोहरे से यातायात पर भी असर पड रहा है।

------

भीलवाडा, पाली, जैसलमेर, बालोतरा और सवाईमाधोपुर में भी सर्दी के तेवर तीखे बने हुए है। मौसम केन्द्र जयपुर ने अगले दो–तीन दिन कई जगह शीतलहर के हालात जारी रहने की संभावना जताई है।

00000

भारत के 18 वर्षीय युवा खिलाडी डी गुकेश ने शतरंज का विश्व चैम्पियन खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने चीन के डिंग लिरेन को मात दी। इसके साथ ही गुकेश टुर्नामेन्ट इतिहास के सबसे युवा चैम्पियन बन गए है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डी. गुकेश को विश्व शतरंज चैंपियन बनने पर शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गुकेश की जीत भारत को शतरंज की महाशक्ति के रूप में प्रदर्शित करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीतने पर डी. गुकेश को बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीत ने न केवल शतरंज के इतिहास में उनका नाम दर्ज कर दिया है, बल्कि लाखों युवाओं को बड़े सपने देखने और उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।

00000